उत्तर प्रदेश शासन

पशुधन अनुभाग-1

संख्या-17/2016/251/37-1-2016-2(20)2015 टी0सी0

लखनऊः दिनांक 08 मार्च, 2016

कार्यालय-आदेश

पशुधन अनुभाग-1 के आदेश संख्या-93/37-1-16-2(20)/2015 दिनांक 15 जनवरी, 2016 द्वारा लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद से पशु चिकित्साधिकारी के पद पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित कतिपय अभ्यर्थियों की नियुक्ति/तैनाती के आदेश निर्गत किये गये है। निदेशक (प्रशासन एवं विकास) पशुपालन विभाग द्वारा अपने पत्र संख्या-83/स्था01 (नवनियुक्त) दिनांक 21-1-2016 द्वारा अवगत कराया गया कि कतिपय पशु चिकित्साधिकारियों को ऐसे स्थान पर तैनात कर दिया गया है जहां पूर्व से पशु चिकित्सक तैनात है तथा कतिपय पशु अधिकारियों की तैनाती का जनपद गलत है अथवा तैनाती का स्थान त्रुटिपूर्ण है।

2- अतः सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल निम्नलिखित पशु चिकित्साधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ-5 में अंकित पशु चिकित्सालय पर तैनात किये जाने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र0	नाम/पिता का नाम	जन्म-तिथि/गृह जनपद	वर्तमान तैनाती	नवीन तैनाती
1	2	3	4	5
1	डा0 कमलेश सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह	2-6-1983 सोनभद्र	पशु चिकित्सालय जमालपुर मिर्जापुर	पशु चिकित्सालय पड़री मिर्जापुर ।
2	डा0 हेमन्त कुमार सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र बहादुर सिंह विसेन	21-9-1980 बलरामपुर	पशु चिकित्सालय कलाम सतरही गोण्डा	पशु चिकित्सालय कलाम सतरही बहराइच।
3	डा0 सौरभ कुमार बाजपेई पुत्र श्री राम आसरे बाजपेई	1-7-1986 शाहजहांपुर	पशु चिकित्सालय जहानागंज पीलीभीत	पशु चिकित्सालय जहानाबाद पीलीभीत।
4	डा0 राहुल सचान पुत्र श्री देवी प्रसाद सचान	10-1-1985 कानपुर नगर	पशु चिकित्सालय म्यासुर हरदोई	पशु चिकित्सालय गंज मुरादाबाद उन्नाव।
5	डा0 आरती सचान पुत्री श्री बद्री प्रसाद सचान	10-12-1982 कानपुर नगर	पशु चिकित्सालय गौरा फतेहपुर	पशु चिकित्सालय भदवा फतेहपुर।
6	डा0 अखिलेश कुमार यादव पुत्र श्री हरीराम यादव	11-9-1982 बस्ती	पशु चिकित्सालय नाथनगर संतकबीरनगर	पशु चिकित्सालय सेमरियाँवा सतकबीरनगर।
7	डा0 रवीन्द्र कुमार पुत्र श्री इन्द्र नारायण सिंह	30-1-1986 हमीरपुर	पशु चिकित्सालय बरगढ चित्रकूट	पशु चिकित्सालय सड़वा प्रतापगढ।

3- उक्त आदेश संख्या-93/37-1-16-2(20)/2015 दिनांक 15 जनवरी 2016 इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा। संदर्भित आदेश दिनांक 15 जनवरी, 2016 की शेष शर्ते यथावत् रहेंगी।

दया शंकर सिंह,

संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-17/2016/251 (1)/37-1-2016, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।

(2) उप सचिव लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या-32/01/एस-2/डी/ 2013-14 दिनांक 3-6-2015 के संदर्भ में सूचनार्थ।

(3) निदेशक, राजकीय मुद्रणालय इलाहाबाद।

(4) निदेशक, पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ।

(5) सम्बन्धित अपर निदेशक ग्रेड-2 पशुपालन विभाग द्वारा निदेशक (प्रशासन एवं विकास)

(6) मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा निदेशक (प्रशासन एवं विकास)

(7) कोषाधिकारी द्वारा निदेशक (प्रशासन एवं विकास)

(8) सम्बन्धित अधिकारी (रजिस्टर्ड डाक से)

(9) गार्ड फाइल।

आज्ञा से
सुनील कुमार
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।